14. हकीम महमूद अजमेरी गांगड़ी,
मोहल्ला सराय,
पोस्ट गंगोह, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश — सदस्य

15. डा० सैयद कासिम, — सदस्य
अवकाश प्राप्त यूनानी चिकित्सक,
सं० 2207, चालीसवां क्रास रोड,
चौथा "टी" ब्लाक, जयनगर, बंगलौर--560011

16. निदेशक, — सदस्य
भारतीय चिकित्सा एवं होमियोपैथी पद्धति,
कर्नाटक सरकार, बंगलौर

17. निदेशक, — सदस्य सचिव
राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बंगलौर

इलैक्ट्रोपैथी/इलैक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के संबंध में रिपोर्ट

518. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इलैक्ट्रोपैथी इलैक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के संबंध में एक जांच समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की जांच करने हेतु गठित विशेष समिति (डा० एस डी० शर्मा जांच समिति) की रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हो गयी है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) और (ख) डा शर्मा की अध्यक्षता में, इलैक्ट्रोपैथी/इलैक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के संबंध में विचारार्थ विषयों के अनुसरण में गठित विशेष समिति की रिपोर्ट 4-11-1991 को प्राप्त हुई थी । तथापि, चूंकि मामला निर्णयाधीन है, अतः इस रिपोर्ट पर विचार करना संभव नहीं हो पाया है।

उत्तर प्रदेश के भूकंप पीड़ितों के लिए चिकित्सा सहायता

519. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश के उत्तर काशी क्षेत्र में हाल ही में आए भूकंप में भूकंप पीड़ितों और घायलों को राहत प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा भेजी गई चिकित्सा सहायता का ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ) : चिकित्सीय स्वास्थ्य उपकरणों के जो 10 पैकेट (जैसा कि नीचे दिए गए विवरण-I में बताया गया है) विश्व स्वास्थ्य संगठन से उपहार मदों के रूप में प्राप्त हुए थे, वे उत्तर प्रदेश सरकार को भूकंप से प्रभावित क्षेत्रों में इस्तेमाल करने के लिए भेज दिए गए थे । इसके अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को दवाओं और चिकित्सीय उपकरणों के 2 पैकेट (जैसा कि नीचे दिए गए विवरण-II में बताया गया है) दिए गए थे, इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार को भूकंप से ग्रस्त हुए व्यक्तियों में वितरित करने के लिए 67.00 लाख रुपए तक के मूल्य की राहत सामग्री भी भेजी गई है ।